हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, रविवार, 15 दिसंबर 2024




## त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

# दस लाख मतदाता बनाएंगे 814 गांव की सरकार, अगले सप्ताह आरक्षण

“ शहरी सरकार के साथ ही ग्रामीण सरकार चुनने की तैयारियां भी तेज कर दी गई है। राजनांदगांव सहित खैरागढ़ एवं मोहला-मानपुर जिले में भी चुनाव से पहले मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इन तीनों जिलों में कुल 814 गांव में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव कराए जाएंगे। जिनमें दस लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इधर सरपंच पद को लेकर अगले सप्ताह आरक्षण की कार्रवाई भी कर दी जाएगी। जिसके बाद गांवों में दावेदारों के बीच हलचल भी तेज हो जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिले की ग्राम पंचायतों की भी मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। जिले के 408 गांव में सवा पांच लाख वोटर शामिल हैं। यह मतदाता अपने गांव की सरकार चुनने के साथ ही जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव को लेकर भी मतदान करेंगे।

पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार 13 दिसंबर को जनपद पंचायत क्षेत्र राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव एवं छुरिया में नियत स्थान पर निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर लिया गया है। प्रकाशित अंतिम निर्वाचक नामावली के अनुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव एवं छुरिया के 408 ग्राम पंचायतों में मतदाताओं की संख्या 526932 है। जिसमें पुरूष 264203 एवं महिला 262727 तथा अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है।



### वनांचल में महिला मतदाता अधिक

जिला मोहला मानपुर में भी पंचायत चुनाव से पहले मतदाता सूची जारी की गई है। यहां के 185 ग्राम पंचायतों में 212098 मतदाता शामिल है। जिसमें पुरुष 105117 मतदाता एवं 106981 महिला मतदाता है। यहां भी आगामी 17 दिसंबर को आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी।

### खैरागढ़ जिला: 221 ग्राम पंचायतों में डेढ़ लाख मतदाता

खैरागढ़ जिले में भी ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। यहां की 221 ग्राम पंचायतों में सरपंच चूने जाने है, जिनका चयन 260306 मतदातान करने वाले है। इनमें 131154 पुरुष एवं 129152 महिला मतदाता शामिल है। खैरागढ़ जिले में भी आरक्षण को लेकर तैयारियां शुरु कर दी गई है।

### नांदगांव में अधिक मतदाता

*मतदाता सूची के अनुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव के 114 ग्राम पंचायतों में मतदाताओं की संख्या 157678 है। जिसमें 79058 पुरूष एवं महिला 78618 है। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के 100 ग्राम पंचायतों में मतदाताओं की संख्या 12985 है। जिसमें 65283 पुरूष एवं महिला 63802 है।*

### छुरिया में महिलाएं अधिक

*जनपद पंचायत डोंगरगांव के 76 ग्राम पंचायतों में मतदाताओं की संख्या 97904 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 48939 एवं महिला मतदाता 48965 हैं। जनपद पंचायत छुरिया के 118 ग्राम पंचायतों में 142265 मतदाता हैं। जिसमें 70923 पुरूष एवं महिला 71342 हैं।*

### 133677 मतदाता चुनेंगे मेयर

## निगम: वार्ड क्र. 16 में सर्वाधिक, 28 में सबसे कम मतदाता

**राजनांदगांव।** शहर की अगली सरकार चुनने के लिए आगामी दिनों में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव से पहले मतदाताओं की तस्वीर साफ हो गई है। शहर के 51 वार्ड में कुल 133677 मतदाता अपनी अगली शहर सरकार चुनेंगे। वहीं वार्डवार आंकड़ों पर नजर डाले तो वार्ड क्रमांक 16 तुलसीपुर वार्ड में सर्वाधिक 5121 मतदाता हैं। वहीं सबसे कम महज 1377 वोटर वार्ड क्रमांक 28 विवेकानंद वार्ड में हैं। शहर के - वार्डों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरूष से अधिक है। वहीं केवल दो अन्य वर्ग के वोटर जिनमें वार्ड क्रमांक 28 व 30 में एक-एक शामिल है। उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव को लेकर इस बार भी परिसीमन के जरिये कई वार्डों की सीमाओं में परिवर्तन किया गया है। ऐसे में उन वार्डों के मतदाताओं की संख्या में भी काफी अंतर देखने को मिला है। इसके अलावा सभी वार्डों में नए मतदाता जुड़ने एवं कई के हटने से नए मतदाता संख्या सामने आ गई है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद अब सभी वार्ड में पार्षद पद के दावेदार भी अपने अंकगणित में जुट गए हैं।

# पाम्प्लेट बांटकर जुटाया जनसमर्थन किसानों ने शहर में निकाला मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी तीन प्रमुख मांगों को लेकर जिला किसान संघ द्वारा शहर के जयस्तंभ चौक से जनसमर्थन अपील मार्च निकाली गई। इस दौरान किसानों ने अपनी मांग का फ्लैक्स होर्डिंग्स पहनकर पाम्प्लेट वितरण कर किसानों के मुद्दों में जनसहयोग की अपील की।

धान खरीदी में समर्थन मूल्य वृद्धि का लाभ देने सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर जिला किसान संघ द्वारा प्रदर्शन करते प्रदेश सरकार से मांगे पूरी करने अपील की गई। वहीं अपनी मांगों के समर्थन में किसान संघ द्वारा जनसमर्थन जुटाने पैदल मार्च किया गया।

⏩ शेष पेज 16 पर




### तीन मांगों को लेकर प्रदर्शन

अपने प्रदर्शन के दौरान किसानों ने केंद्र शासन द्वारा धान के समर्थन मूल्य में 117 रुपए की गई वृद्धि का लाभ देते 3217 रुपए में धान खरीदी करने, पूर्व की कांग्रेस सरकार कार्यकाल में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत धान के समर्थन मूल्य की बकाया एक किस्त की राशि देने और धान खरीदी में व्याप्त समस्याओं, टोकन वितरण एवं परिवहन की समुचित व्यवस्था करते धान खरीदी किए जाने प्रदेश सरकार से मांग की है।

## सट्टा मामले में आठ आरोपियों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** जिलेभर में पुलिस द्वारा इन दिनों जुआ-सट्टा के खिलाफ कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आठ मामलों में आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा जिले में अवैध जुआ, सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से नगदी रकम 560 रुपए व 1 नग सट्टा-पट्टी 1000 रुपए जब्त, थाना लालबाग 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से नगदी रकम 650 रुपए व 1 नग सट्टा-पट्टी 1000 रुपए जब्त, थाना सोमनी 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से नगदी रकम 460 रुपए जब्त कर 7 नग सट्टा-पट्टी 180 रुपए जब्त, थाना घुमका 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से नगदी रकम 720 रुपए व 1 नग सट्टा-पट्टी 720 रुपए जब्त, डोंगरगढ़ 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास नगदी रकम 1320 रुपए व 1320 नग सट्टा-पट्टी

⏩ शेष पेज 16 पर


संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री रोग विभाग
उपलब्ध सुविधाएं...
+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार
OPD : 1 PM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365


## शराब बेचते कोचिया गिरफ्तार, 15 पौवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ढाबा के सामने अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे युवक को पुलिस ने दबिश देकर मौके पर पकड़ा। आरोपी से 15 पौवा देशी प्लेन यूनिक शराब बरामद कर कार्रवाई की गई।



पुलिस सूत्रों के अनुसार जिलेभर में अवैध रूप से शराब बिक्री एवं तस्करी करने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। जिसके तहत सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 13 दिसंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बम्हनीटोला संगवारी ढाबा के सामने एक व्यक्ति मात्रा से अधिक शराब बिक्री हेतु रखा है। 15 पौवा देशी प्लेन यूनिक शराब जब्तः सूचना पर पुलिस ने मुखबीर के बताये अनुसार जाकर रेड कार्रवाई किया। आरोपी मनोहर देवांगन के पास एक सफेद रंग के प्लास्टिक पानी पाउच की बोरी के अंदर से कुल 15 पौवा देशी प्लेन यूनिक शराब कीमती 1350 रुपए को जब्त कर आरोपी मनोहर देवांगन को गिरफ्तार किया गया। जुर्म जमानतीय होने तथा आरोपी द्वारा जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## जनशताब्दी में पत्थर मारा आरपीएफ ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जनशताब्दी एक्सप्रेस के एसी डिब्बों में पत्थरबाजी करने के मामले की जांच करते आरपीएफ ने पत्थर मारने वालों को पकड़कर कार्रवाई की है।

आरपीएफ सूत्रों के अनुसार 12 दिसंबर को 4.27 बजे आरपीएफ मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष नागपुर एवं ट्रेन नंबर 12070 में तैनात अनुरक्षण दल से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी सं.-12070 जनशताब्दी एक्सप्रेस के कोच नं.-सी/3 में राजनांदगांव स्टेशन से रवाना होने के बाद गौरीनगर फाटक से आगे रेलवे किमी नं.-895/12-14 के पास बाहर से पत्थर लगा है। जिससे उक्त ट्रेन के कोच नं.-सी/3 के चेयर नंबर-14, 15, 17, 18 की खिड़की का कांच चटक गया है। इसी दौरान राजनांदगांव स्टेशन साईड से एक ट्रेन को आते देख उसके एसी डिब्बों के कांच पर निशाना लगा रहे थे और ट्रेन के डिब्बे पर पत्थर फेंक दिया, जो ट्रेन के कांच में लग गया, उन्हें नहीं पता था कि गाड़ी का कांच टूट जाएगा या किसी को चोंट लग जाएगी एवं उक्त घटना में अपनी गलती स्वीकार की। आरपीएफ सूत्रों ने बताया कि उक्त दोनों विधि से संघर्षरत किशोरों के बताए अनुसार फोन के माध्यम से उनके अभिभावकों को बुलाया गया एवं विधिवत कार्रवाई कर रेल अधिनियम की धारा 153 के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई।



### रेसुब मौके पर पहुंचा

उक्त सूचना पर तत्काल पोस्ट प्रभारी रे.सु.ब. राजनांदगांव निरीक्षक तरूणा साहू, एन. जया प्रकाश सहा सुरक्षा आयुक्त रेसुब नागपुर को सूचना देते उनके निर्देशन में प्रधान आरक्षक राजेन्द्र रायकवार, आरक्षक प्रमोद यादव के साथ तुरंत घटनास्थल की ओर रवाना हुए। गौरीनगर फाटक से आगे रेल लाईन किनारे-किनारे से घटनास्थल पर पहुंचे तो 2 छोटे लड़कों को मौके पर मौजूद पाकर उन्हें रोककर उनसे प्रेमपूर्वक पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपना नाम व पता बताया। आगे और विश्वास में लेकर ट्रेन में हुई पत्थरबाजी की घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि वह दोनों दोस्त हैं एवं आगे इमली के पेड़ से इमली तोड़ने के लिए गए थे। वापस लौटते वक्त दोनों आपस में एक-दूसरे से ज्यादा पत्थर फेंकने की होड़ लगा रहे थे।

### दिन में भी लेना पड़ रहा अलाव का सहारा

# ठंडी हवाओं से बढ़ी ठिठुरन, रात का पारा पहुंचा 10 डिग्री, दो दिन शीतलहर अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। जिसके कारण तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। शनिवार को न्यूनतम तापमान लुढ़ककर 10 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। यह इस साल का सबसे ठंडा दिन भी कहा जा सकता है। वहीं मौसम विभाग ने अगले दो दिनों को लेकर खैरागढ़ इलाके में शीतलहर चलने का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान ठंड से बचने की सलाह दी गई है।



बताया गया कि प्रदेश के उत्तरी भाग में एक-दो पैकेट में शीतलहर चल रही है । साथ ही साथ उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ पैकेट में शीतलहर जैसी स्थिति बना हुआ है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट होने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है, किंतु बिलासपुर में 1.6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश के सरगुजा संभाग और दुर्ग संभाग के जिलों में एक-दो पैकेट में शीतलहर चलने अथवा शीतलहर जैसी स्थिति बनी हुई है। प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। जिसके कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

प्रदेश के सरगुजा संभाग के उत्तरी भाग और दुर्ग संभाग के उत्तरी जिलों में एक-दो पैकेट में शीतलहर चलने अथवा शीतलहर जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है। इस अवधि में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।




## खबर संक्षेप

### कम्प्यूटर साइंस पर अतिथि व्याख्यान

**डोंगरगांव।** बीआर अंबेडकर महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग में गत दिनों प्राचार्य बीएन मेश्राम के मार्गदर्शन में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में दिग्विजय कालेज के सहायक प्राध्यापक राजू खूंटे शामिल हुए। श्री खूंटे ने लिनक्स ऑपरेटिंग सिस्टम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लिनक्स ऑपरेटिंग सिस्टम को कैसे इनस्टॉल किया जाता है तथा विशेषताए और उसके वर्जन को प्रकाशित करते हुए विद्यार्थियों को लिनक्स ऑपरेटिंग सिस्टम के डिस्ट्रीब्यूटर डेबियन 12 का अधिक से अधिक उपयोग करने प्रोत्साहित किया। व्याखान में पीलीडीसीए, बीएससी के विद्यार्थी शामिल हुए। इस मौके पर सहायक प्राध्यापक श्वेता अग्रवाल, पूर्वा देवांगन, प्रशांत देवांगन उपस्थित थे।

### सालभर में फेल हुई सरकार: विजय



**सड़क अतरिया।** कांग्रेसी नेता विजय वर्मा ने भाजपा सरकार के एक साल क कार्यकाल को विफल बताया है। उन्होंने कहा कि बीते एक साल में सुशासन दूर तक नजर नहीं आया। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्या का नया रिकॉर्ड बना। प्रदेश में मॉब लिचिंग शुरू हो गई। आरंग में दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या कर दिया गया। राजधानी में 5 बार गोलीबारी हो गई। गौ तस्करी लगातार जारी है। रेत के दाम तीन गुना बढ़ गए है। वित्तीय कुप्रबंधन के कारण 1 साल में 37000 करोड़ से अधिक का कर्ज हो गया है।

### मुगलानी मंडई आज

**एलबीनगर।** ग्राम मुंगलानी गौटियाटोला में कल 15 दिसंबर को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में राधा रानी छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी दुर्रे बंजारी का कार्यक्रम रखा गया। ग्राम पटेल जीतराम यदु ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है।

### प्रशासन ने जब्त किया 50 कट्टा धान

**ठेलकाडीह।** ग्राम के एक फुटकर व्यापारी के पास 50 कट्टा धान जप्त किया गया है। क्षेत्र में कई कोचिया है जो किसानों के धान को औने पौने दाम में खरीद कर भंडारण करते है और बाद भी इसी धान को अधिक दाम में बेच देते है। लिमिट से अधिक धान का स्टॉक रखने पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए 50 कट्टा धान जप्त किया।अधिकारियों ने ग्राम के फुटकर व्यापारी नारद देवांगन के यहां दबिश देकर जांच किया तो क्षमता से अधिक धान पाया। मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए प्रकरण तैयार किया गया।

### श्रद्धा से मनाया गीता जयंती

**ठेलकाडीह।** गुरुकुल कोचिंग संस्थान रेंगाकठेरा में बुधवार को मोक्षदा एकादशी के मौके पर गीता जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुवात श्रीमद भागवत गीता की पूजा-अर्चना से हुई। संस्था के फाउंडर रूद्रप्रसाद सूर्यवानी ने भागवत गीता के महत्व और ज्ञान का विस्तार से वर्णन किया। गीता के 18 वें अध्याय की व्याख्या किया। विद्यार्थियों ने भी गीता पाठ किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भजनों की मधुर प्रस्तुति दिया। संस्था ने पांच विद्यार्थियों को श्री मद भागवत गीता भेंट में दिया। अंत में आरती के बाद प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान दामिनी साहू, आरती वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### शिविर में जांच कराने उमड़े लोग

**छुरिया।** राज्य सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर जनपद पंचायत परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एक हजार से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया था। स्वास्थ्य विभाग ने अलग अलग स्टाल में स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार की व्यवस्था किया था। शिविर में बीपी, शुगर, दंत रोग, नेत्र, शिशु, चर्मरोग आदि की जांच कर दवाई वितरण किया गया। आयुष विभाग ने भी मरीजों की जांच कर दवाई वितरित किया। आयुष विभाग ने स्वास्थ्य रहने ऐप्प माध्यम लोगों को जोड़ा। इस ऐप्प में खानपान एवं योग आदि जानकारी दी गई है। महिलाओं ने शिविर में पहुंच कर स्वेच्छा से रक्तदान किया। बहुत से लोगों ने खून की जांच कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मेडिकल आफिसर उमेश भगत ने बताया कि अब एक हजार से अधिक लोगों ने जांच हेतु पंजीयन कर चुके हैं। डाक्टरों द्वारा जांच करने के बाद जरूरत मंदों को दवाई दिया जा रहा है।



### न्योता भोज का आयोजन

**जेवरतला रोड।** गीता जयंती के अवसर पर प्राथमिक शाला टटेंगा में प्रधानपाठक लिखन सरपा ने न्योता भोज का आयोजन किया। बच्चों को खीर, पुड़ी, भजिया, पापड़ आदि खिलाया गया। इस अवसर पर चन्द्रशेखर उर्वशा, बुधरु यादव, पेमिन साहू, चन्द्रप्रभा भुआर्य, महेश्वरी उर्वशा, लीलाबाई सुधाकर, त्रिवेणी गांवरे, शिक्षिका खोमिन साहू, लिकेश्वरी भंडारी, संजय साहू, रामेश्वरी साहू, सविता साहू, अनुसुईया साहू आदि उपस्थित थे।



### अब तक नहीं सुधरी परिवहन व्यवस्था

# जाम के बाद संकट में आई किसानों के धान की खरीदी





हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

परिवहन एवं स्थानाभाव की समस्या से जूझ रहे सहकारी समिति के कर्मचारी अब एक मत होकर धान खरीदी बंद करने का मन बना रहे है। जाम के हालात ने समिति को परेशानियों में डाल दिया है। वहीं कम्प्यूटर आपरेटर की हड़ताल ने दिक्कतों को और बढ़ा दिया है।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के सभी उपार्जन केन्द्रों में बंफर धान की आवक हो रही है जबकि अब तक धान का परिवहन दस फीसदी भी नहीं हुआ है। सभी केन्द्रों में बफर लिमिट से तीन से चार गुना अधिक धान जाम हो गया। कुछ केन्द्र ऐसे हैं जगह नहीं होने के कारण धान फड़ पर धान तौलना पड़ रहा है।

#### मांग की अनदेखी

समितियां धान खरीदी के शुरू होने के बाद से लगातार धान का परिवहन करने की मांग कर रही है किन्तु मिलर्स की हड़ताल के चलते अब तक परिवहन गति नहीं पकड़ पाया है। विभाग द्वारा अपने स्तर पर धान का उठाव किया जा रहा है जो आवक के तुलना में काफी कम है।

#### परिवहन संकट यथावत

धान खरीदी शुरू होने के एक माह बाद भी परिवहन व्यवस्था पटरी पर नहीं आई है। मिलर्स के आंदोलन के चलते धान का उठाव काफी सुस्त है। जानकारी के अनुसार ठाकुरटोला उपार्जन केन्द्र से 12927, बुंदेली से 6440, कुकुरमुड़ा अतरिया से 3990 तथा संड़ी केन्द्र से मात्र 2020 क्विंटल धान का उठाव हुआ है।

#### आठ करोड़ की धान खरीदी

जानकारी अनुसार ठाकुरटोला उपार्जन केन्द्र में 85356248 रूपए, संड़ी में 76574744, बुंदेली में 75860168 तथा कुकुरमुड़ा अतरिया में 62631792 रूपए के धान की खरीदी हो गई है। वहीं धान खरीदी के साथ लिंकिंग वसूली भी किया जा रहा है। केन्द्रों द्वारा अब तक तीन करोड़ वसूल किया जा चुका है। ठाकुरटोला में 29799499, बुंदेली में 28583159, कुकुरमुड़ा अतरिया में 25243597 तथा संड़ी में 23617026 रूपए के ऋण की वसूली हो गई है।

#### खरीदी बंद होने की स्थिति

परेशानियों के बढ़ने के बाद अगले सप्ताह से धान खरीदी होने पर संशय बना हुआ है। धान खरीदी केन्द्र विचारपुर, संड़ी, बुन्देली, कुकुरमुड़ा में बड़ी मात्रा में धान जाम होने से खरीदी होना संभव नहीं दिख रहा है। विचारपुर में जगह की कमी एवं परिवहन के अभाव में सोमवार से धान खरीदी बंद करने की खबर है। इस केन्द्र में अब तक 31360 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है जबकि उठाव 5840 क्विंटल का हुआ है। इस केन्द्र का स्टाक लिमिट 7200 क्विंटल का है। वर्तमान में यहां 25520 क्विंटल धान जाम है। स्टाक से साढ़े तीन गुना धान को रखने के लिए जगह नहीं है। धान का पूर्ण परिवहन होने तक धान खरीदी बंद रखने की जानकारी मिली है।




## रामपुर में संविधान दिवस पर निकाला विशाल जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

रामपुर में गत दिनों संविधान की हीरक जयंती एवं वीर बिरसा मुंडा की जयंती मनाया गया। सर्वप्रथम ग्रामीणों ने संविधान दिवास पर ग्राम में जुलूस निकाला। इस आयोजन की पहल चार साल पहले शिक्षक एमडी वाल्दे, सरपंच रत्ना बोरकर आदि ने किया था। आयोजन में मुख्य अतिथि एमडी ठाकुर थे। अध्यक्षता सरपंच रत्ना बोरकर ने की। विशिष्ट अतिथि नीलकंठ गढे, जनपद सदस्य मनीष साहू, माला गौतम, सुशांत कुमार थे।कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण और संविधान के प्रस्तावना वाचन से हुआ।

उक्त मौके पर मुख्य अतिथि श्री ठाकुर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने सिखाया हमें कैसे अपने परिवेश के साथ सदभाव के साथ रहना है। श्री गढ़े ने कहा कि संविधान से हमें ताकत मिलती है इसलिए सबको संविधान की समुचित जानकारी होना चाहिए। जनपद सदस्य श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने की घोषणा किया था तब से यह आयोजन किया जा रहा है। माला गौतम ने महिलाओं को प्राप्त विशेषाधिकारों की जानकारी दी। सुशांत कुमार ने संबोधित किया।

#### खिलाड़ियों और जवानों का सम्मान

संविधान की हीरक जयंती के मौके पर सम्मान समारोह आयोजित कर प्रतिभावान बच्चों, मितानिन, स्वच्छता दीदियों, बुजुर्ग माताएं, शिक्षक शिक्षिकाओं, खिलाड़ियों तथा सेना जवानों का श्रीफल, साल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया गया।संचालन श्री वाल्दे एवं आभार प्रदर्शन भेखसिंह नेताम ने किया।

## कांग्रेस से शेरू भी दावेदार



**डोंगरगांव।** निकाय क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय की बड़ी आबादी निवासरत है किन्तु यह वर्ग राजनीतिक रूप से उपेक्षित रहा है। आगामी निकाय चुनाव के लिए इस समुदाय से कांग्रेस नेता अशफाक तंवर शेरु का नाम भी अध्यक्ष पद के लिए चर्चा में है। शेरू खान जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान के काफ़ी करीबी रहे हैं। श्री खान की निकटता के कारण पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सानिध्य भी उन्हें मिलते रहा है। करीब एक दशक से भी अधिक समय से कांग्रेस में सक्रिय श्री खान शहर एवं ब्लाक युवक कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व संभाल चुके हैं। वर्तमान में वह जिला कांग्रेस कमेटी में महामंत्री हैं। श्री खान कांग्रेस की गतिविधियों के अलावा सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं जिसके चलते गरीबों सहित अन्य वर्ग के बीच उनकी बेहतर छबि बनी हुई है। उनका कहना है कि कांग्रेस संगठन मौका देता है तो वह अध्यक्ष का चुनाव लड़ने तैयार हैं। उनका कहना है कि वर्तमान हालात को देखते हुए संगठन को उनकी उम्मीदवारी पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। वह पूरी ताकत से संगठन और जनता की कसौटी में खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## जाति प्रमाण पत्र प्रकिया को सरल करें सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता श्रुति शुक्ला ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए हितग्राहियों से जाति प्रमाण पत्र मांगे जाने पर कड़ी आपत्ति जताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मोदी की गारंटी के तहत बिना शर्त आवास बनाकर देने का वादा किया था किन्तु अब जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता कर दिया। कई हितग्राही जिन्होंने शिक्षा प्राप्त नहीं किया है और उनके बुजुर्ग शिक्षित रहे हैं वह जाति प्रमाण पत्र दस्तावेज के आभाव में नहीं बनवा पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जाति प्रमाण पत्र के लिए 1984 से पहले दाखिल खारिज का रिकार्ड मांगा जा रहा है जिसे पेश किया जाना संभव नहीं है। महिला पुरूष सारा कामधाम छोड़कर जाति प्रमाण पत्र बनवाने भटक रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गरीबों और जरूरतमंदों को आवास योजना से वंचित करना चाहती है इसलिए ऐसी शर्त लागू कर दिया है जिसे पूरा करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया सरल करने के साथ जरूरतमंदों को पट्टा वितरित करना चाहिए।

## डॉक्टरों ने किया शरीर की प्रकृति का परीक्षण

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा के मार्गर्शन में जिला नोडल अधिकारी डॉ. तपेश्वर सिंह, डॉ इकबाल हुसैन, डॉ मधु नायक ने शिविर लगाकर विद्यार्थियों एवं स्टाफ की ऊँचाई, बीपी, वजन के साथ मोबाईल एप से लगभग 50 से 60 प्रश्नों के माध्यम से स्वास्थ्य प्रकृति परीक्षण किया। परीक्षण के बाद डॉ सिंह ने आयुर्वेद से व्यक्ति के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रभाव, बात, कफ एवं पित्त आदि के दुष्प्रभाव से अवगत कराया।




#### सभी की हुई जांच

अभियान का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर एवं प्राध्यापक डॉ एनके लहरे से किया गया। तत्पश्यात डॉ. संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, शुभि जैन, चाँदनी पराते, ओमप्रकाश सहारे, सरोजनी वर्मा, हेमशंकर साहू, हरवंश चौरगे, हनी ठक्कर, सौम्या देवांगन, हिमानी साहू, दुष्यंत साहू, डीपी चौधरी, नंदिनी कुर्रे एवं छात्र- छात्राओं की प्रकृति परीक्षण किया गया।

## रंगोली, मेहंदी में दिखी सरकार की योजनाएं



**गंडई पंडरिया।** पीएमश्री लाल मूरत सिंह खुशरो विद्यालय में प्राचार्य पवन ददरिया के नेतृत्व में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रंगोली, मेंहदी, फैंसी ड्रेस सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं को रंगोली, मेहंदी, पोस्टर, फैंसी ड्रेस के माध्यम से जनसामान्य तक पहुंचाने का प्रयास किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य योगेश्वरी तारम, स्मिता दास, सुरभि उईके, किरण ठाकुर, किरण वर्मा, रामकुमार केंवट, मनीजदास, स्नेह एक्का, जसबीर सिंह, देवेंद्र वासनिक, मुकेश यादव, शुभम सिंह, दुर्गेश सेन, हेमंतकुमार, ममता सोनी, महिमा गढ़वाल उपस्थित थे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

# 13 वार्ड में महिलाओं की बाहुल्यता तय करेंगी शहर सरकार का भाग्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

डोंगरगांव। नगर में आगामी निकाय चुनाव की हलचल अब बढ़ने लगी है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों को अध्यक्ष और वार्ड के आरक्षण का इंतजार है। इस प्रक्रिया के बाद भाजपा- कांग्रेस के नेता टिकट हासिल करने की जुगत में लग जाएंगे। जानकारी के अनुसार प्रदेश निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार स्थानीय प्रशासन ने बुधवार को शहर के 15 वार्डों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया हैं। आगामी निकाय चुनाव में 11948 मतदाता जिसमे पुरुष 9769 और महिला मतदाता 6179 शामिल हैं, अपने मतधिकार का प्रयोग कर नए अध्यक्ष और वार्ड पार्षद का चुनाव करेंगे।

#### महिलाओं के हाथों में कुंजी

शहर के 15 वार्डों में 13 वार्ड ऐसे हैं जिसमे महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। वार्ड क्रमांक 4 और वार्ड 10 में पुरुष और महिला मतदाताओं के बीच मामूली फासला वार्ड 4 में पुरुष मात्र एक अधिक हैं तो वार्ड 10 में महिलाओं से 18 पुरुष अधिक हैं। इसी प्रकार वार्ड 13 में मात्र एक महिला अधिक हैं पुरुष मतदाता से। अन्य वार्ड में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक होने के कारण वह चुनाव परिणाम उलटफेर कर सकती हैं।

#### अब आरक्षण का इंतजार

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद राजनीति से जुड़े और चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वालों को आरक्षण प्रक्रिया का इंतजार हैं। आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने बाद चुनाव लड़ने का सपना संजो कर बैठे लोग टिकट हासिल करने जुट जाएंगे।

#### सिर्फ दो वार्ड में पुरुष हावी

जारी मतदाता सूची के अनुसार शहर में मात्र दो वार्ड में पुरुष मतदाता महिलाओं से अधिक हैं। वार्ड क्रमांक 4 में पुरुष 278 और महिला 277, वार्ड क्रमांक 10 में पुरुष 509 और महिला मतदाता 491 हैं। यही एक ऐसा वार्ड है जहां मतदाताओं की संख्या हजार तक पहुंची हैं। संख्या के लिहाज से छोटा वार्ड चार है जहां कुल 555 मतदाता हैं।

### आमगांव मड़ई आज

**कुमरदा।** आमगांव में कल 15 दिसम्बर को मंडई मेला का आयोजन किया गया है । रात्रि मे सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम में आगामी 3 से व 5 जनवरी तक रामायण का कार्यक्रम होगा। ग्राम अध्यक्ष रधुवीर साहू ने यह जानकारी दी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 21 को निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव में माधव सेवा नारायण सेवा के उद्देश्य को चरितार्थ करते राजनांदगांव सेवा समिति के तत्वावधान में आगामी 21 दिसंबर को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि आयोजन समिति के सेवाभावी कार्यकर्ताओं द्वारा राजनांदगांव सेवा समिति के तत्वावधान में 21 दिसंबर को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक स्थान परशुराम भवन मठपारा रोड राजनांदगांव में वृहद निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में डॉ. शैलेष केलकर, डॉ. रोमिल जैन, डॉ. योगेश सोनी, डॉ. मिथिलेश शर्मा, डॉ. शिरिश अग्रवाल, डॉ. अनिमेष गांधी सेवा प्रदान करेंगे। निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजन को सफल बनाने में डॉ. मिथिलेश शर्मा, संतोष पटाक, सौरभ खंडेलवाल, मौसमी शर्मा, मधु अग्रवाल, ममता शर्मा, रचना महेश मेनन, श्वेता शर्मा द्वारा तैयारियां की जा रही है। उक्त जानकारी सौरभ खंडेलवाल ने दी।

### निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा 16 से

**राजनांदगांव।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधा बीमा जो कि एपीएल और बीपीएल दोनों के लिए एवं 70 वर्ष के ऊपर के बुजुर्गों के लिए विशेष सुविधा का लाभ लेने के लिए आयुष्मान कार्ड होना आवश्यक है। इसके अंतर्गत राज्य के पंजीकृत चिकित्सालय में कई बीमारियों का इलाज एपीएल के लिए 50,000 तक, बीपीएल के लिए 5 लाख तक एवं सभी बुजुर्गों के लिए 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा सुविधा प्रदान की गई है। प्रशासन की पहल पर नागरिको की सुविधा को ध्यान में रखते सेवाभावी संस्था उदयाचल ने शहर के मध्य स्थित उदयाचल नेत्र चिकित्सालय में यह सुविधा प्रदान की है। 16 दिसंबर से प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयुष्मान कार्ड बनाने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगी। पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में लाभ लें।

### अंतिम सूची तैयार, पैनल बनाकर भेजा जाएगा प्रदेश कार्यालय

# आज मिल जाएगा 8 मंडलों को नया भाजपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भाजपा के संगठन चुनाव में कई दिन की माथापच्ची के बाद संगठन के पास दावेदारों की अंतिम सूची पहुंची है। जिसमे शनिवार देर शाम तक पेनल बनाकर प्रदेश कार्यालय प्रेषित किया जाएगा जहॉ से सोमवार शाम तक मंडल अध्यक्षों की सूची जारी हो जाएगी।

मंडल अध्यक्ष के लिए निर्धारित आयु सीमा 45 वर्ष को ध्यान में रखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी व पूर्व सांसद चदुंलाल साहू के पास मंडलवार चुनाव प्रभारियों बैठक आयोजित कर पैनल बनाकर नाम भेजा है। कुछ मंडल में अध्यक्ष के लिए सिंगल नाम तो कुछ मंडलों पर 3-5 लोगों का नाम पैनल में भेजने की जानकारी मिली है। खैरागढ़ के लिए सिंगल नाम अमलीडीह सरपंच व भाजपा कार्याकर्ता दिनेश वर्मा का नाम है। वही बाजार अतरिया मंडल के लिए देवकुमार सेन का नाम भेजा गया है। पहली दफे नगर पालिका क्षेत्र से कोई दावेदारी सामने नही आई है और नही कोई आवेदन आया है।

#### वन टू वन चर्चा बाद हुई रायशुमारी

साल्हेवारा मंडल से शत्रुहन साहू, ओमलाल साहू, संतोष नामदेव के नाम वाला पैनल निर्वाचन अधिकारी के पास भेजा गया है। गंडई मंडल से टुम्मन साहू, दुजेराम वर्मा, नजेलाल पटेल, राकेश ठाकुर, छुईखदान मंडल से भावेश कोचर, रोशन चंद्राकर, ललित चोपड़ा, नर्मदा मंडल से प्रकाश जंघेल, आंनद पटेल का नाम पैनल में गया है। जबकि ठेलकाडीह मंडल में कार्यकर्ताओं से राय-शुमारी कर पांच नाम भोज बंजारे, श्याम सुन्दर, मंथिर साहू, विश्राम वर्मा, युवराज सिरमौर का नाम पैनल में गया है। वहीं पांडादाह मंडल में प्रमोद जंघेल, गोरेलाल वर्मा, सन्नी यदु का नाम निर्वाचन अधिकारी के पास भेजा गया है। मंडल अध्यक्ष के दावेदारों के नाम तय होने के बाद मंडल में निवासरत सांसद, पदाधिकारी, विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, महिला मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक, जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद भाजपा प्रदेश पदाधिकारी समेत 19 कैटेगरी के लोगों की राय शुमारी होगी। जिसके बाद तैयार अंतिम सूची प्रदेश कार्यालय भेजा जाएगा जहॉ से नए मंडल अध्यक्षो के नामो की घोषणा होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी चंदूलाल साहू ने बताया कि सभी जगह 2 से 3 नामों का पैनल मंगाया गया था। जिला मुख्यालय के पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में रायशुमारी बाद पैनल प्रदेश कार्यालय प्रेषित किया गया है। इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी टीके चंदेल, वीरेंद्र जैन के अलावा जिला कोर कमेटी सदस्य, मंडल स्तर के निर्वाचन अधिकारी उपस्थित थे।

# निःस्वार्थ भाव से करें जनसेवा: झावेरी

■ एडवेंचर कैंप में शामिल हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष झावेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



डोंगरगढ़ में आयोजित पांच दिवसीय स्काउट गाइड फैलोशिप के एडवेंचर कैंप में पहले दिन फेलोशिप के राष्ट्रीय प्रेसिडेंशियल इन चीफ और उड़ीसा के मुख्य न्यायाधीश कल्पेश झावेरी शामिल हुए। श्री झावेरी अटास के भी राष्ट्रीय अध्यक्ष है। अटास एक विश्व स्तरीय संस्था है जिसमे प्रत्येक देशों के राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त युवा सदस्य हैं।

श्री झावेरी के यहां पहुंचने में स्टेट कमिश्नर भारत स्काउट गाइड गोपाल खेमुका के नेतृत्व में स्काउट गाइड फैलोशिप के सदस्यों ने स्वागत किया। उन्होंने ऊपर मंदिर पहुंचकर मां बमलेश्वरी की पूजा अर्चना किया।

इस अवसर पर फेलोशिप के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एम मिकी, राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र साखरे, स्टेट कमिश्नर गोपाल खेमुका, जसवीर बन्नोआना, शंकर वर्मा, बमलेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मंत्री महेंद्र सिंह परिहार, अजय सिंह ठाकुर, केशव नरेड़ी मौजूद थे। मंदिर ट्रस्ट कार्यालय में अध्यक्ष, मंत्री ने स्वागत कर माता की फोटो और चुनरी भेंट किया। पदाधिकारियों ने श्री झावेरी को ट्रस्ट के कार्यों की जानकारी दी। स्वास्थ्य सेवा के कार्यों पर प्रसन्नता जताया।

#### हथकरघा वाले गमछे से सम्मान

इस अवसर पर उन्हे स्मृति चिन्ह के रूप में हथकरघा में बने गमछा एवं रेडिएशन से सुरक्षित रखने वाली गोबर की पेन सम्मान स्वरूप प्रदान की गई। कार्यक्रम में संस्था की राष्ट्रीय सेक्रेटरी जनरल सीमा राठी, शिविर संचालिका मधु कालिया उपस्थित थे। नगर के चिकित्सक पन्नालाल बाफना ने कविता के माध्यम से श्री झावेरी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित स्काउट गाइड फेलोशिप के सदस्य उपस्थित थे। संचालन देवेंद्र साखरे एवं आभार प्रदर्शन संजय सरजारे ने किया।

#### फायर कैंप में किया शिरकत

श्री झावेरी स्काउट गाइड फैलोशिप कैंप में शामिल हुए। उन्होंने कैंप फायर कार्यक्रम में शामिल होकर देशभर के 70 कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर उन्होंने सेवा के क्षेत्र में आगे आकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि हमें जाति, धर्म, ऊंच नीच से ऊपर उठकर मानव समाज की निस्वार्थ सेवा करना चाहिए तभी स्काउटिंग का उद्देश्य पूरा होगा।

# विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

■ वास्तुकला व ऐतिहासिक धरोहर को करीब से देखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा




नवीन शा. महा. जालबांधा के छात्रों ने 13 दिसंबर को प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन से भूतेश्वरनाथ, जतमई, घटारानी और राजिम पर्यटन स्थल का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को भारतीय इतिहास, संस्कृति और पर्यावरण के बारे में जानकारी प्राप्त करना था। इस भ्रमण के दौरान विश्व का सबसे बड़ा प्राकृतिक शिवलिंग देखा। इसकी खास बात यह है कि भूतेश्वर महादेव की हर साल ऊंचाई बढ़ रही है। वहां के एक पुजारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवलिंग की ऊंचाई 55 फीट से बढ़कर अभी वर्तमान में 80 फीट बढ़ गई है। जतमई, घटारानी पर्यटन स्थल में प्राकृतिक सौंदर्य, जलप्रपात, मूर्तियों की वास्तुकला और ऐतिहासिक धरोहर को देखे और इसके संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त किए।

राजिम में राजीव लोचन मंदिर के इतिहास और पैरी, सोढूर, महानदी तीनों नदियों के संगम, लक्षण झूला, ऐतिहासिक कुलेश्वर महादेव मंदिर तथा भगवान राम की नवनिर्मित 25 फीट की खुली प्रतिमा देखने व जानने को मिला। शैक्षणिक भ्रमण में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक रवि चतुर्वेदी, महेश साहू, कमलेश चेलक, हिरेंद्र साहू, मोनिका सिन्हा और 75 विद्यार्थी शामिल हुए। शैक्षणिक भ्रमण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में संजय देवांगन सहायक प्राध्यापक वाणिज्य का विशेष योगदान रहा।

# टैक्स अदा करने नोटिस का विरोध

## व्यापारियों ने नगर पंचायत में दर्ज कराई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगर पंचायत क्षेत्र में निवासरत व्यापारियों, कामगारों सहित अन्य को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के नाम पर लिए जाने वाले टैक्स की वसूली के लिए नोटिस जारी करने पर छोटे राजा देवराज किशोर दास के नेतृत्व में व्यापारियों ने बड़ी संख्या में नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर आपत्ति दर्ज कराया।

जानकारी के अनुसार सीएमओ ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन आदि के टेक्स की वसूली के लिए सामान्य प्रक्रिया अपनाने के बजाए नेशनल लोक अदालत को सौंपने को लेकर नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। व्यापारियों और नागरिकों ने छोटे राजा देवराज किशोर दास के नेतृत्व में नगर पंचायत कार्यालय पहुचकर आपत्ति दर्ज कराते हुए समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा।



#### निगम से ज्यादा टैक्स

प्रभावितों की ओर से श्री दास ने बताया कि निगम स्तर पर 50 रुपए टेक्स लिया जा रहा है जबकि छोटा नगर होने के बाद भी यहां निगम से ज़्यादा 100 रुपए लिया जाना समझ से परे है। पता चला है कि इस संबंध में नगर पंचायत में किसी प्रकार प्रस्ताव पारित हुआ है।

#### बिना जानकारी के कार्रवाई

अधिकारी ने उच्च कार्यालय को बिना जानकारी दिए एकतरफा न्यायालयीन कार्यवाही शुरू कर दिया है जिसे लेकर कहा जा रहा है कि किसी के इशारे पर यह काम किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को न्यायालय की नोटिस दिया गया है वह गरीब और छोटे व्यापारी है जो वर्षों से कर की अदायगी कर रहे है। उन्हे कर अदा करने का अवसर मिलना चाहिए। इस दौरान कमलेश यादव, रूपेश चंद्राकर, पीलू यादव, नरेंद्र चंद्राकर, अंकित महोबिया, महमूद खान, इमरान अंसारी, रेहान खान, सोहन पाल, रघुनंदन, कुशाल साहू, उदयराम, विष्णु, संतराम, संतोष सेन सहित अन्य प्रभावित लोग मौजूद थे।

# मुढ़ीपार में 54 लाख के कामों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान

जिले से सबसे बड़े और आदर्श ग्रापं के रूप में चिन्हित मुढ़ीपार में डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के मुख्य आतिथ्य में 54 लाख रु के कार्यों का भूमिपूजन और पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष जिपं सभापति विप्लव साहू थे जबकि दाऊ भूपेंद्र सिंह ठाकुर, समिति अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष भीखम सिन्हा, सतनामी समाज जिलाध्यक्ष खुमान देशलहरे अध्यक्ष, ग्राम पटेल जैनेन्द्र साहू, गौतमचंद जैन, केशव साहू और मधुसूदन साहू बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।

इस दौरान फीकल सेल ट्रीटमेंट प्लांट लागत राशि 25.22 लाख रु, सीसी रोड वार्ड 13-14 मे 20 लाख, वार्ड 6 में सीसी रोड 5 लाख, वार्ड 1 और 2 में सीसी रोड 5 लाख, ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 1.95 लाख, वार्ड 17 में सीसी रोड 1.95 लाख रूपयों का भूमिपूजन किया गया।



#### निर्माण काम से आवाजाही होगी सुगम

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने मुढ़ीपार में विकास की गाथा लिखने वाली विधायक हर्षिता बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्माण कार्य से गॉव में आवाजाही सुगम होगी शुद्ध पेयजल मिलेगा। उन्होंने इसके लिए जिपं सभापति विप्लव साहू व सरपंच कुमारी बाई सिंहा को भी विशेष साधुवाद देते हुए कहा कि इनके प्रयासों से काम स्वीकृत हो पाया। गौरतलब है कि जिले के सबसे बड़े ग्राम के रूप मे चिन्हित मुढ़ीपार में बरसों से लोग सुगम आवाही के लिए तरस रहे थे। गॉव की गलियॉ जर्जर हो गई थी और बरसाती पानी के अलावा घरों से निकलने वाला पानी भी सड़क मे बहता था, लेकिन अब पंचायत प्रतिनिधियों के प्रयास से इस समस्या से जल्द छुटकारा मिल जाएगा। आसपास के 50 गांवों का मुख्यालय होने के कारण मुढ़ीपार में बहुत दबाव बना रहता था लेकिन अब बेहद जर्जर और सालों से जरूरी जरूरत की मांग पूरी होने पर सभी ने प्रसन्नता जाहिर की है। इस दौरान उपसरपंच पंचू साहू, समयलाल ठाकुर, प्रेम सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, शांति सिन्हा, भुनेश्वर सिन्हा, भागचंद सिन्हा सहित अन्य का समरसता भवन में मोमेंटो और श्रीफल के साथ उनके कार्यकाल के लिए सम्मान किया गया। आसन्न चुनाव में सबके फिर चुनकर आने की शुभकामना दी गई। सरपंच प्रतिनिधि घनश्याम सिन्हा और सचिव भागवत साहू ने आभार व्यक्त किया।

# उदयपुर में बनेगा राम मंदिर, निर्माण समिति का गठन

**उदयपुर।** ग्राम में श्री राम मंदिर का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। बीते साल 26 जनवरी को जनपद सभापति गुलशन तिवारी ने इस आशय की इच्छा जाहिर किया था। उन्होंने जनपद निधि से मंच के लिए 2 लाख, अहाता के लिए 1.50 लाख की घोषणा किया था। मंच का कार्य प्रगति पर है। वहीं शीघ्र ही आहता का भूमिपूजन होने वाला है। जानकारी के अनुसार ग्राम में कुल 27 समिति है जिसमे गणेशोत्सव, दुर्गोत्सव, रामायण, जस झांकी, फाग, भगवा ध्वज उत्सव, दशहरा उत्सव, कृष्ण जन्मोत्सव समिति आदि शामिल है। सभी समिति के प्रमुखों को शामिल कर श्री राम मंदिर निर्माण समिति का गठन करने गत दिनों बैठक आयोजित किया गया था। समिति में सरपंच एवं ग्राम पटेल स्थाई सदस्य रहेंगे। अन्य समितियों के प्रमुख मंदिर निर्माण समिति के सदस्य रहेंगे। यह सदस्य मंदिर के लिए दान राशि एकत्रित करने के बाद निर्माण की जिम्मेदारी सँभालेंगे। गांव में प्रस्तावित राम मंदिर का भूमिपूजन हो चुका है। शीघ्र ही निर्माण प्रारंभ हो जाएगा।

# पंचायत ने किया प्रधान पाठक रामलाल साहू का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लाक के ग्रापं साल्हेभर्री के आश्रित ग्राम कट्टहा नवागांव प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रपा रामलाल साहू की शैक्षिक गतिविधियों को लगातार रोचक बनाकर नवाचार से बच्चों की उपस्थिति और शैक्षणिक स्तर में बेहतर को देखते हुए ग्रापं प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम आयोजित कर उनका सम्मान किया।

सरपंच बेदराम साहू ने कहा कि प्रधान पाठक शालेय गुणवत्ता को बेहतर बनाने अथक प्रयास कर रहे है। अपने खर्च से प्रत्येक साल सभी बच्चों को स्पोर्ट्स ड्रेस का वितरण करना। हर शनिवार पूरे स्टाफ का एक ही ड्रेस कोड सहित अन्य गतिविधियों से बच्चे पढ़ाई में रूचि ले रहे है। नियमित स्मार्ट क्लास से पढ़ाई साथ नवाचार से बच्चों में बहुत ही सुधार हुआ जिसके चलते शैक्षिक सत्र संभाग से विभागीय जिले के उत्कृष्ट प्रधान पाठक केरूप मे श्री साहू को सम्मानित किया गया है। सरंपच वेदराम साहू ने कहा कि छोटे छोटे बच्चों की प्राथमिक शिक्षा में शिक्षक की लगन को देखते हुए बीते साल भी प्रपा रामलाल साहू को ग्रापं ने सम्मानित किया था। पंचायत प्रतिनिधियों ने उन्हें शाल श्रीफल साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए कार्य को सराहनीय बताया। इस दौरान नीलम कुमार वर्मा, लोकनाथ जोशी, रूपचंद जोशी, जानकी बर्मन, देवंतीन बर्मन, ममता जोशी, तीजन बाई जोशी, खूशबू जोशी, रूपौतिन जोशी, दशमत जोशी सहित अन्य पालकों ने उपस्थित होकर प्रधान पाठक को बधाई दी।

## पंडरिया विधायक ने साय सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर गिनाई उपलब्धियां

# पुरातन काल का राम राज आज प्रदेश में सुशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



साय सरकार के सुशासन को लेकर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भाजपा राज के एक साल में प्रदेश सहित क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हुए है। एक साल के कार्यकाल में डबल इंजिन की सरकार ने सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को प्राथमिकता में रखकर प्रदेश के सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखते हुए कल्याणकारी योजनाए क्रियांवित की है जबकि सालभर पहले प्रदेश आराजकता के दौर से गजर रहा था।

सवैधानिक संस्थाओं से लोगो का भरोसा उठ गया था और हर तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला था। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान भाजपा ने सुशासन का वादा किया था आज उसका प्रमाण दिखने लगा है। भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को जेल भेजा जा रहा है और सुशासन के लक्ष्य का हासलि करने सुशासन व अभिसरण नाम से सरकार ने नया विभाग भी शुरू किया है। नागरिकों को दफ्तर दफ्तर से निजात दिलाने डिजीटल सुविधा शुरू हो गई है। विधायक भावना बोहरा ने कहा कि चुनाव के दौरानी पीएम मोदी की दी गारंटियों में से अधिकांश को साय सरकार ने पूरा कर दिया है। केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। मजबूत नेटवर्क के लिए 31 हजार रूपयों की सड़क परियोजना सहित रेल नेटवर्क को लेकर महत्वपूर्ण रेल लाइनों की स्वीकृति मिली है। जीएसडीपी को दस लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास और विश्वास की इस यात्रा में पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प सिद्धि में सभी योगदान दे रहे है।

#### हर वर्ग की बेहतरी का रखा ख्याल

विधायक भावना बोहरा ने सराकर की उपलब्धियॉ गिनाते हुए कहा कि किसानों से किया वादा 31 सौ में धान प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से खरीदी हो रही है। बकाया बोनस का 3716 करोड़ रूपए किसानों के खातो मे अंतरण किया गया है। तीन महीने के भीतर वादे को पूरा करते हुए प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन का दस किश्त के रूप मे 6530 करोड़ रूपए डीबीटी के माध्यम से दिया जा चुका है। पक्के मकान की आस को पूरा करते हुए 18 लाख पीएम आवास स्वीकृत किया गया। वही 68 लाख गरीब परिवारों को निशुल्क राशन दिया जा रहा है। गुड गवर्नेंस को लेकर रियल टाइम मानिटरिंग अटल पोर्टल से हो रही है। जनप्रतिनिधियो से मेल मुलाकात के लिए सुगम ऐप, अनालाईन जानकारी लेने सीएमओ पोर्टल, ई आफिस प्रणाली को लेकर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पुराने समय मे जिसे राम राज कहा जाता था उसे हम आज के दौर मे सुशासन कह रहे है।

#### सुदूर वनांचल मे पहुंचा लोकतंत्र साथ विकास

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि सालों से नक्सलवाद से जूझ रहे प्रदेश मे नक्सली उन्मूलन को लेकर साय सरकार ने बेहतर काम किया हे। 213 नक्सलियों की मुठभेड़ में मौत और 1750 ने आत्म समर्पण किया है। नियद नेल्ला नार योजना मे माध्यम से वनाचंल के अंदरूनी गॉवो तक लोकतंत्र और विकास की किरणो को पहुंचाने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू कर शिक्षा को रोजगारपरक बनाया जा रहा है। इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, एसपी त्रिलोक बंसल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।



सार समाचार

## अवैध प्लॉटिंग, कॉलोनियों को अनुज्ञा में मिलीभगत, राज्य स्तरीय समिति से करवाई जाए जांच : जितेन्द्र

**राजनांदगांव।** कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने नगर निगम क्षेत्र में अवैध कालोनियों, अवैध प्लाटिंग के मामलों पर जांच की मांग की है। उन्होंने



आरोप लगाया कि भवन अनुज्ञा और डायवर्सन के मामलों में बड़ी गड़बड़ी की जा रही है।

श्री मुदलियार ने कहा कि संचालनालय नगर एवं ग्राम निवेश द्वारा नगर निगम को नोटिस जारी किया गया है। वर्ष 2023 में आधारित नियमों के विपरीत जाकर निगम के अधिकारियों ने कॉलोनियों को अनुज्ञा जारी की है। इससे पहले और अब भी ये खेल किया जा रहा है। मिलीभगत कर निगम के अधिकारियों द्वारा अवैध भूखंडों को विकसित होने देने से शासन को राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा है। यही नहीं भूखंड खरीददारों को भी मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अवैध प्लाटिंग के मामलों में भूखंड के टुकड़ों को अनुज्ञा जारी किए जाने के कई मामले सामने आए हैं। ऐसी ही शिकायत अवैध डायवर्सन को लेकर भी सामने आ रही है।

श्री मुदलियार ने कहा कि राजनांदगांव में सैकड़ों अवैध कॉलोनियां मौजूद है और यहां लगातार अवैध प्लाटिंग के नए मामले बढ़ रहे हैं। कॉलोनाइजर को फायदा पहुंचाने अवैध डायवर्सन, अनुचित तरीके से अनुज्ञा जारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध प्लाटिंग या फिर अवैध तरीके से कालोनियां विकसित कर रहे लोगों को फायदा पहुंचाने निगम का प्रशासनिक तंत्र पूर्णता जिम्मेदार है। शहर में 100 से अधिक अवैध कालोनियां विकसित हो चुकी है।

इस तरह के मामले को लेकर मुदलियार ने कहा कि अवैध प्लाटिंग करने वाले कॉलोनाइजर्स और नियमों के प्रतिकूल तैयार कॉलोनी की अनुज्ञा के लिए निर्धारित शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है। जिससे कॉलोनाइजर को अनुचित तरीके से लाभ मिल रहा है। निगम क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग की जा रही है। इससे न सिर्फ शहर की सूरत बिगड़ रही है, बल्कि राजस्व का बड़ा नुकसान भी हो रहा है। शासन को इस मामले में तत्काल संज्ञान लेकर राज्य स्तरीय समिति से इसकी जांच करवानी चाहिए।

### बाहरी व्यक्तियों सहित मकान मालिकों को सख्त कार्रवाई के निर्देश

# संदिग्ध लोगों पर पुलिस की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में लगातार बाहरी व संदिग्ध लोगों के दाखिल होने का क्रम चरम पर है। मोहला-अंबागढ़ चौकी-मानपुर में विगत कई महीनों से संदिग्ध व बाहरी लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है। इसी बीच जिला मुख्यालय मोहला में दो दर्जन से ऊपर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की गई है। जिनकी मोहला थाना में कुंडली खंगाली जा रही है। इधर पुलिस कप्तान यशपाल सिंह के निर्देश में संदिग्ध व्यक्ति एवं उन्हें पनाह देने वाले मकान मालिकों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया है।

उल्लेखनीय की बाहरी तत्व एवं संदिग्ध लोगों पर अंकुश लगाने के दिशा में पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना मोहला क्षेत्रांतर्गत बिना अनुमति किराये के मकान में निवासरत रहने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही है। इसी दौरान बाहर प्रदेशों से आने वाले दो दर्जन से ऊपर संदिग्धों की पहचान की गई है, जो पिछले 8 महीनों से अवैध तरीके से से थाना में बिना सूचना दिए रहना पाया गया। जिनको थाना में लाकर उनका पूर्ण पता लेकर उनके मूल स्थान के थाना में आपराधिक रिकार्ड के संबंध में एसएस रोल जारी कर जानकारी मंगाया जा रहा है। आपराधिक रिकार्ड पाए जाने पर उक्त संदिग्ध व्यक्तियों एवं उन्हें पनाह देने वाले मकान मालिकों पर कठोर कार्रवाई करने मोहला पुलिस जांच शुरू कर दी है।



### भारी तादाद में बाहरी

नए जिले के निर्माण के साथ ही मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी विकासखंडों के मुख्यालय सहित आदिवासी वनांचल क्षेत्र के भीतरी इलाकों में बेहद संख्या में कंबल, गद्दा, कुर्सी टेबल, कबाड़ी, कपड़ा ,बर्तन, जड़ी बूटी आदि फेरी लगाकर गांव-गांव तक बाहरी व संदिग्ध लोग इस जिले में आसानी से पहुंचकर बकायदा रहने लगे हैं। जिनसे बड़ी आपराधिक घटित होने का खतरा जिले में बढ़ गया है।

### जंगल-जमीन पर भी हो रहा है कब्जा

बाहरी व संदिग्ध लोगों का नए जिले में जमवाड़ा के साथ-साथ फेरी, ठेला पसरा लगाकर धंधा कर रहा है। बाहरी लोग बेधड़क जंगल-जमीन तथा सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। जिनको रोक पाने की दिशा में राजस्व तथा वन महकमा खामोश बैठा हुआ है।

### पुलिस प्रशासन की अपील

जिला पुलिस महकमे की ओर से बाहरी प्रदेश के संदिग्ध व्यक्ति तथा आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों का पहचान किया जा रहा। पुलिस विभाग ने अपील किया है कि मकान मालिक ऐसे कार्रवाई से बचने किरायेदारों की सूची व किरायेदारों को थाना उपस्थित कराकर थाना में पूरी जानकारी प्रदाय करें, ताकि समय-सीमा में उनकी आपराधिक रिकार्ड व चरित्र के संबंध जानकारी उनके मूल निवास वाले थाना से प्राप्त की जा सके। ऐसा न हो कि कोई अपराधी आपके घर में किराये में रहकर आपको ही नुकसान पहुंचाकर भाग जाए, इसलिए किरायेदारों की जानकारी थाना में उपलब्ध कराएं और सुरक्षित रहे।

### की जाएगी कार्रवाई

बाहरी व संदिग्ध लोगों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है। आपराधिक बाहरी प्रदेश के आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों के साथ-साथ मकान मालिकों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
**- यशपाल सिंह,** पुलिस अधीक्षक, मोहला-

## सीईओ ने की समीक्षा

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने 28 नवंबर को जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की। बैठक में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंधित अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से शामिल हुए। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने अधिकारियों को विभिन्न योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में प्रगति लाने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




## प्रदेश सरकार के खिलाफ महिला कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महिला सुरक्षा के मामले में सरकार को असफल बताते शहर जिला महिला कांग्रेस द्वारा पोस्टर प्रदर्शन रैली निकाली गई। इस रैली के माध्यम से महिला कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर महिलाओं की असुरक्षा का आरोप लगाया।

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस इसे असफलता से भरा कार्यकाल बताते पांच दिवसीय प्रदर्शन का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में आज महिला कांग्रेस द्वारा शहर में विरोध प्रदर्शन करते पोस्टर रैली निकाली गई और सुवा नृत्य के माध्यम से महिला असुरक्षा के मामले में विरोध प्रकट करते प्रदेश सरकार पर कानून व्यवस्था बदहाल होने का आरोप लगाया।



### कानून व्यवस्था को लेकर उठाए सवाल

महिला कांग्रेस द्वारा शहर के जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस भवन से पोस्टर रैली निकाली गई। महिला कांग्रेस ने पोस्टर-बैनर के माध्यम से प्रदेश की भाजपा सरकार के 1 साल को असफल बताते भाजपा सरकार के एक साल में महिला सुरक्षा तारतार, एक साल का कार्यकाल बदहाल जैसे स्लोगन लिखकर प्रदेश सरकार को महिला सुरक्षा के मामले में घेरा। वहीं इस दौरान कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए।

### महिलाएं असुरक्षित

पूर्व विधायक छन्नी साहू, महापौर हेमा देशमुख, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा ने कहा कि प्रदेश में महिलाएं भाजपा सरकार के कार्यकाल में राजधानी के बस स्टैंड से लेकर छात्रावास तक असुरक्षित है। प्रदेश में हताशा का माहौल है, महंगाई चरम सीमा पर है और सरकार अपने कार्यकाल का जश्न मना रही है।

### युवा और किसानों के मुद्दों पर भी सरकार को घेरा

अपने प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस ने प्रदेश में बढ़ते अपराध, बिगड़ी कानून व्यवस्था, युवा और किसानों के मुद्दों को लेकर भी प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया। इसमें जिला कांग्रेस महिला अध्यक्ष रामछतरी चंद्रवंशी, शारदा तिवारी, कुसुम दुबे, डॉ. रूबीना अल्वी, चंद्रकला देवांगन, रोशनी सिंह, प्रज्ञा गुप्ता सहित अन्य कांग्रेसी महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुई।

## गायत्री विद्यापीठ के शिक्षक बने सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन

**राजनांदगांव।** जेएलएम गायत्री विद्यापीठ के शिक्षक तरनजीत सिंह टूटेजा ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के इंस्टीट्यूट ऑफ सेक्रेटेरिएट ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित विशेष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है।



इस उपलब्धि के परिणामस्वरूप तरनजीत सिंह टूटेजा को सीबीएसई का रिसोर्स पर्सन नामित किया गया है। यह विद्यालय के साथ पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। अब उनकी मुख्य जिम्मेदारी होगी सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में जाकर ''कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम'' का आयोजन करना, शिक्षकों को उन्नत शिक्षण विधियों का प्रशिक्षण देना एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने शिक्षकों को प्रशिक्षित करना।

श्री टूटेजा की इस उपलब्धि से क्षेत्र के शिक्षकों और छात्रों को अत्यधिक लाभ होगा। उनका योगदान शिक्षकों को नई शैक्षणिक नीतियों और विधियों को अपनाने में मदद करेगा। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।




## संस्कारधानी के बच्चे आज दिखाएंगे जौहर

**राजनांदगांव।** नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कल 15 दिसंबर को सब जूनियर नेशनल कराते चैम्पियनशिप में राजनांदगांव शहर के चार बच्चे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे और अपनी प्रतिभा के दम पर छत्तीसगढ़ के लिए पदक जीतने का प्रयास करेंगे। यह बच्चे पिछले कई वर्षों से छत्तीसगढ़ प्रदेश के वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक एवं राजनांदगांव जिले के निवासी शिहान मुरली सिंह भारद्वाज के पर्यवेक्षण में कराते का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है एवं राज्य तथा राष्ट्र स्तर पर शहर का नाम रोशन कर चुके है।

संस्कारधानी के इन प्रतिभावान खिलाड़ियों में बालक वर्ग शिवांश सोनी, कबीर साहू, बालिका वर्ग अवनी खंडेलवाल, ख्याति साहू शामिल हैं। इन बच्चों को छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय



तिवारी, महासचिव अमल तालुकदार, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रम्हाया नायडू, कोषाध्यक्ष डी. रमेश, उपाध्यक्ष अमर वरिष्ठ, उपाध्यक्ष मुरली सिंह भारद्वाज, गुंडाधुर सम्मानित अंबर सिंह भारद्वाज, प्रशिक्षक ईशब सिंह राजपूत, लोकिता साहू, तरुण साहू, ओम नेहा सिन्हा ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

## आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार आरोपी को थाना छुईखदान पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुईखदान में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के एक अन्य फरार आरोपी कमलेश जोशी उर्फ गजनी पिता भानुप्रसाद जोशी 26 साल साकिन ग्राम अंडा ईतवारी बाजार थाना अंडा जिला दुर्ग को 14 दिसंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।

### निधन

**हरीश सिंह**

**राजनांदगांव।** मिलचाल निवासी



हरीश सिंह डॉ. बाबा श्रीगणेश हनुमान मंदिर के महंत का शुक्रवार की रात 10 बजे रायपुर बालाजी अस्पताल में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार को मिलचाल स्थित निवास स्थल से दोपहर को निकाली गई। लखोली मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि पोता राहुल सिंह ने दिया। इस अवसर पर मिथिलाधाम मंदिर राजनांदगांव के सदस्यगण शामिल हुए।

### पृष्ठ 13 का शेष

**पाम्प्लेट बांटकर जुटाया...**

**किसानों को एकमुश्त भुगतान-** प्रदेश किसान संघ के संयोजक सुदेश टीकम ने कहा कि विधानसभा सत्र के पहले दिन अपनी तीन मांगों को लेकर किसान संघ द्वारा राजधानी रायपुर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जो 117 रुपए समर्थन मूल्य वृद्धि की है, उसका लाभ किसानों को दिया जाना चाहिए और 3217 रुपए में धान खरीदी कर एकमुश्त भुगतान किया जाए। राजधानी में किसानों का प्रदर्शन- अपनी मांगों को लेकर आगामी 16 दिसंबर को विधानसभा सत्र के प्रथम दिन रायपुर में किसान प्रदर्शन करेंगे। जिसको लेकर जनसमर्थन जुटाया जा रहा है। समर्थन मूल्य बढ़ोत्तरी का लाभ देने की मांग- अपने प्रदर्शन के दौरान जिला किसान संघ द्वारा कहा गया कि केंद्र शासन से वृद्धि की गई 117 रुपए की राशि नहीं मिलने से आने वाले 4 वर्षों में किसानों को प्रति एकड़ 27 हजार रुपए से अधिक का नुकसान होगा। जिसको लेकर उन्होंने प्रदेश सरकार से समर्थन मूल्य वृद्धि का लाभ देते धान खरीदी करने की मांग की है।

**सट्टा मामले में...**

जब्त, ओपी चिखली 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से नगदी रकम 880 रुपए व 3 नग सट्टा-पट्टी 880 रुपए, सुकुलदैहान 1 प्रकरण में 1 आरोपी से नगदी रकम 730 रुपए व 1 नग सट्टा-पट्टी 730 जब्त किया गया, सुरगी पुलिस द्वारा 1 प्रकरण में 1 आरोपी से नगदी 740 रुपए व 1 नग सट्टा-पट्टी 1500। इस प्रकार जिले में कुल 8 प्रकरणों में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 6060 रुपए नगद एवं 6620 रुपए का सटा-पट्टी बरामद कर सभी आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई।









मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सुशासन की स्थापना के लिए कई बड़े कदम उठाए

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन के एक वर्ष की उपलब्धियां साझा की

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन के एक वर्ष का पूरा होने पर जिला कार्यालय में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने प्रेसवार्ता लेकर विष्णुदेव साय सरकार की विभिन्न योजनाओं की सिलसिरेवार उपलब्धियां बताई। उन्होंने प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को साझा किया और बताया कि कैसे एक साल में राज्य ने विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। विधायक कौशिक ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सुशासन की स्थापना के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की, पारदर्शिता को बढ़ावा दिया और प्रशासनिक सुधारों के जरिए जनता तक बेहतर सेवाएं पहुंचाने की दिशा में काम किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मनीराम साहू, श्रीकांत उपाध्याय, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी उपस्थित थे।पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने बताया कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हो गया है। हमारा यह पहला साल आप सभी की सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। बीते 12 महीनों में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के अनेक नये आयाम स्थापित किए हैं। इनमें से कुछ आप लोगों के साथ साझा कर रहा हूं।

इस एक साल में हमारी सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल की, हमारी प्राथमिकता में वे लोग रहे जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के नागरिकों से वादा किया था कि सरकार बनने के बाद हम प्रदेश में सुशासन की स्थापना करेंगे।

भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करेंगे। आप लोगों ने देखा कि सरकार बनते ही हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ किस तरह तत्परता के साथ कार्यवाही की। जो लोग भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त पाए जा रहे हैं, उन्हें जेल भेजा जा रहा है। सुशासन की स्थापना के लिए हम तकनीक का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। सुशासन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमारी सरकार ने सुशासन एवं अभिसरण नाम से नया विभाग बनाया है। हमारा प्रयास है कि आम नागरिकों को छोटे छोटे कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। एक क्लिक में अथवा एक फोन कॉल में उनके काम हो जाने चाहिए। विधानसभा चुनाव के दौरान हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के लोगों को जो गारंटियां दी थीं, उनमें से अधिकांश गारंटियों को हमारी सरकार ने एक वर्ष की अल्प अवधि में ही पूरा कर दिया है।

**1 नवंबर 2025 को हम प्रदेश स्थापना की रजत जयंती मनाएंगे**



वर्ष 2028 तक प्रदेश की जीएसडीपी को दस लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। हमारे विकास और विश्वास की इस यात्रा में आप हमेशा साक्षी और सहभागी रहे हैं। शासन के विकास कार्यों और लोक हितकारी योजनाओं को जनता के बीच में ले जाने आप सबका सहयोग महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर मैं आप सबको भी धन्यवाद देता हूं। प्रदेश की जनता का उनके समर्थन और विश्वास के लिए आभार व्यक्त करता हूं। हम सभी छत्तीसगढ़ को विकसित बना कर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में अपना अमूल्य योगदान देंगे।

# संदिग्ध एवं बिना वैध दस्तावेज के जिले में रह रहे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का सघन अभियान निरंतर जारी है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में थाना कवर्धा और पंडरिया क्षेत्र में बिना वैध दस्तावेज के निवास कर रहे संदिग्ध व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की गई। वही थाना कवर्धा क्षेत्र में 10 संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। व थाना पंडरिया क्षेत्र में 14 संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों के तहत कठोर कार्यवाही की गई। इन व्यक्तियों के पास निवास संबंधी किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस ने इनके खिलाफ बीएनएसएस की धारा 128 के तहत मामला दर्ज करते हुए सभी को दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और पंकज पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

एसडीओपी पंडरिया संजय ध्रुव के निर्देशन में थाना प्रभारी नितिन तिवारी ने यह कार्रवाई की। थाना कवर्धा में कार्यवाही डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में थाना प्रभारी लालजी सिन्हा द्वारा कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में संदिग्ध या बिना वैध दस्तावेज के रह रहे व्यक्तियों के लिए कोई स्थान नहीं है। यह अभियान बाहरी और अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए चलाया जा रहा है और आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा। मकान मालिकों, ढाबा संचालकों, होटल और धर्मशाला प्रबंधकों को सख्त चेतावनी दी गई है कि वे अपने यहां ठहरने वाले व्यक्तियों की जानकारी तुरंत संबंधित थाने में दर्ज कराएं। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि यदि आपके आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति बिना वैध दस्तावेज के निवास कर रहा हो या किसी प्रकार की अवैध गतिविधियों में लिप्त हो, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। इस अभियान के तहत 13 दिसम्बर 2024 को थाना कवर्धा और चिल्फी क्षेत्र में कुल 15 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई थी। यह अभियान आगे भी पूरी सख्ती और गंभीरता के साथ जारी रहेगा।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुण्डा में विधायक भावना ने डिजिटल एक्स-रे मशीन का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

ग्राम कुण्डा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्थापित नए एक्स-रे मशीन का पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने उद्घाटन कर क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुविधा की सौगात दी। वही गुरुवार को ग्राम के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण आयोजन किया जिसमें अत्याधुनिक डिजिटल एक्स-रे मशीन का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा द्वारा किया गया इस तकनीक के आने से क्षेत्रीय एवं स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनी लाभ मिलेगी। वही कार्यक्रम का शुभारंभ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में एक्स-रे रूम के मुख्य द्वार पर रिबन काटकर विधायक भावना बोहरा ने एक्स-रे मशीन का शुभारंभ किया, उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा यह डिजिटल एक्स-रे मशीन हमारे स्वास्थ्य केन्द्र और स्थानीय एवं पूरे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है इसे मरीजों को त्वरित एवं सटीक जांच सेवाएं प्रदान कर सकेंगे। कार्यक्रम उदघाटन समारोह के दौरान श्रीमती बोहरा ने स्वास्थ्य केंद्र के स्टॉप से भी बात की उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं मौजूदा चुनौतियों और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली स्टॉप ने अपनी समस्याओं और सुझावों को साझा किया जिसे



सुनकर विधायक बोहरा ने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य है। इस केन्द्र में सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध हो ताकि स्थानीय एवं क्षेत्र की निवासियों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके श्रीमती बोहरा ने कहा इस नई मशीन से स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई क्रांति आएगी और हम हर संभव प्रयास करेंगे कि हमारे क्षेत्र के निवासियों को सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके वहीं विधायक भावना बोहरा ने मितानिनों एवं कार्यकर्ताओं को श्रीफल एवं शाल भेंटकर उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक भावना के साथ जिला मंत्री सुरेश दुबे, मण्डल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, महामंत्री कृष्णा चंद्राकर, समुंद सेवाराम कुर्रे, रामकुमार चंद्राकर, विकास पाण्डेय, रामस्वरूप साहू, संतोष चंद्रवंशी, जनपद सदस्य अंजनी चंद्राकर, ध्वजारा चंद्राकर, मनोज ठाकुर, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मनहरण साहू, सूरज यादव, शशांक शर्मा, अमन खनूजा, भूपेंद्र चंद्राकर, कपिल चंद्राकर, महेश्वर साहू, पुरुषोत्तम निर्मलकर, सुमन ढीमर, गणेश सोलंकी, महेंद्र धृतलहरे, दिनेश चंद्रवंशी, प्रताप सेन, रमन खनूजा, सुरेश साहू, साहेब लाल, नीलेश गुप्ता, मोहन चंद्रवंशी, बालमुकुंद चंद्रवंशी, पप्पू यादव, रामफल यादव सहित समस्त स्टॉप व मितानिन कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सुशासन के आदर्श वीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना का भूमिपूजन

**हरिभूमि कोलेगांव।** आज सुशासन के आर्दश वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना हेतु ग्राम खैरझिटी खुर्द मे भूमि पूजन किया गया । ज्ञात हो कि उनके प्रशासनिक घटना के बहुत से साक्ष्य मिलते है जिनमें से महाराणा प्रताप एक कुशल प्रशासक थे। उन्होंने अपने शासन में कई तरह के उपाय किए, जिनसे उनका प्रशासन सुचारू रूप से चलता रहा। महाराणा प्रताप की शासन व्यवस्था से जुड़ी कुछ खासबातें उन्होंने मुगलों के लगातार हमलों के बावजूद भी अपने प्रशासन को ठीक रखा। अपनी राजधानी को कुंभलगढ़ और फिर चावंड स्थानांतरित कर दिया। अपने सैन्य प्रशासन के जरिए 1582 में देवार की लड़ाई में जीत हासिल की उन्होंने मेवाड़ क्षेत्र में 36 मुगल सैन्य चौकियों पर कब्ज़ा किया। अपने पड़ोसी राजपूत राज्यों से मधुर संबंध बनाए और उनका सहयोग हासिल किया। सिरोही के राव सुल्तान से वैवाहिक संबंध स्थापित किए। उन्होंने पूंजा भील जैसे कई भील योद्धाओं और हाकिम खां सूर जैसे मुस्लिम सेनापतियों को उच्च स्थान दिया। उक्त भूमि पूजन के अवसर पर शिव अग्रवाल, केदार राजपूत, वोकेश नाथ योगी, चंद्रशेखर शर्मा, अर्जुनसिंह, नन्द कुमार घोरमारे, संतोष राजपूत, उबारन दास कोसले सरपंच ग्राम पंचायत भेदली, दीप राजपूत, रोहित राजपूत, राजपूत, फागुराम, उत्तम, सुखनन्दन, दिलीप, पंचम, संतराम, उग्रसेन, पूरन, समारु चित्रेश, झनक , नंदकुमार, द्वारिका, आदि ग्रामवासीजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उक्त प्रतिमा का निर्माण प्राथमिक शाला के प्रांगण में किया जाना है ।

# कवर्धा जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने सुशासन दिवस के मौके पर स्कूलों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश की विष्णु देव सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश सहित जिले के स्कूलों में इन दोनों सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। जिसके तहत स्कूलों में विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जनपद पंचायत कवर्धा की उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने जनपद पंचायत कवर्धा क्षेत्र के ग्राम तमरुवा, सोनपुरी तथा गुढ़ा में संचालित सरकारी स्कूलों में पहुंचकर स्कूली बच्चों से मेल मुलाकात की। वीरेंद्र साहू ने इस दौरान स्कूल के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष, सदस्यों तथा गांव के वरिष्ठ नागरिकों से भी मुलाकात कर स्कूल में संचालित गतिविधियों और बच्चों को मिल रही शासन की योजनाओं संबंधित विस्तृत जानकारी ली। वीरेंद्र साहू ने सुशासन दिवस के अवसर पर स्कूलों में आयोजित रंगोली तथा चित्रकला प्रतियोगिता का भी निरीक्षण कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने जनभागीदारी समिति के सदस्यों तथा पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए उनके स्कूल में योगदान व जिम्मेदारी को सुनिश्चित करने का आह्वान किया। श्री साहू ने स्कूलों में जनभागीदारी के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जैसा कि हम सभी जानते हैं, शिक्षा केवल विद्यालयों और शिक्षकों की जिम्मेदारी तक सीमित नहीं है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। जनभागीदारी का अर्थ है समुदाय, अभिभावकों और स्थानीय संगठनों का स्कूलों के विकास और छात्रों की शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाना। जब समाज स्कूलों के साथ मिलकर कार्य करता है, तो न केवल छात्रों की शिक्षा में सुधार होता है, बल्कि स्कूलों की समग्र प्रगति सुनिश्चित होती है। यह शिक्षा में समानता, गुणवत्ता, और बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देता है। महात्मा गांधी ने कहा था, शिक्षा केवल शिक्षक और छात्र के बीच की प्रक्रिया नहीं है, यह समाज का दायित्व है। इस अवसर पर मनोज सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि, चतुर साहू, कृष्ण साहू, ओंकार सिन्हा, भीखम सिन्हा, अशोक सिन्हा, केशलाल साहू, बीआरसी, जनभागीदारी अध्यक्ष हरिचंद , टीकाराम निषाद, नीलू धुर्वे सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# ग्राम डोंगरियाकला के पटवारी डोमन साहू निलंबित

**हरिभूमि कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया ने ग्राम डोंगरियाकला, पटवारी हल्का नंबर-43 के पटवारी डोमन साहू को सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के उल्लंघन के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। सोशल मीडिया न्यूज एवं दूरभाष के माध्यम से प्राप्त ऑडियो क्लिप और पीड़ित किसान के बयान के आधार पर उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया कार्रवाई की गई है। निलंबन के बाद डोमन साहू को उनके पद से मुक्त कर दिया गया है। उनके हल्के का अतिरिक्त प्रभार हल्का पटवारी नंबर-27 की श्रीमती विभा जोशी को दिया गया है, जबकि हल्का पाण्डातराई का प्रभार श्रीमती शाम बाई कोसले, हल्का पटवारी नंबर-19 को सौंपा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

# गांव की गलियां बनी नाली लोगों को चलना मुश्किल



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला स्थित है जो बोड़ला ब्लॉक के अंतर्गत आता है गांव की कुल जनसंख्या लगभग 1780 से अधिक है गांव की सभी गलियां कीचड़ से लथपथ हो चुके हैं लोग फिसल कर गिर रहे हैं काई जम चुके हैं, और मच्छर पनप रहे हैं जिससे बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है ऐसी स्थिति में जहरीले जीव जंतु भी प्रवेश कर सकते है लोगों को रात में चलना मुश्किल हो रहा है और वही दिन में बरसात जैसा सभी गलियां की स्थिति बनी हुई रहती है, जिनके कारण लोगों को आने-जाने मुश्किल हो रहा है लोग किनारे से चलने के लिए मजबूर हैं ऐसी स्थिति में लोगों को बुनियादी सुविधा अपने ही ग्राम पंचायत में नहीं मिल रही है, जनपद और जिला पंचायत के उच्च अधिकारी और जनप्रतिनिधियों इस ओर तमाशा लंबे समय से देखते आ रहे हैं, लेकिन कोई हल नहीं निकल पा रहे हैं सभी जिम्मेदारो को ध्यान देने की जरूरत है ताकि ग्राम पंचायत का विकास हो सके और लोगों को बुनियादी सुविधा मिल

# महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन



**हरिभूमि कुण्डा।** छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन दिनांक 9 से 20 दिसम्बर के मध्य किया जा रहा है जिसमें जन सामान्य को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कर बताया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास के सभी बाल विकास सेवा परियोजना अंतर्गत महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम आंगनबाड़ी केन्द्रों में महिला एवं बच्चों हेतु पृथक-पृथक कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चो के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भाग ले रहे हैं जिससे उमंग और उत्साह का लहर गांव-गांव में देखा जा सकता है, इसी कड़ी में कवर्धा परियोजना के रवेली सेक्टर अंतर्गत नेवारीगुढ़ा ढुल्लापुर में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम और बच्चों और महिलाओं का ख़ुर्शी दौड़ प्रतियोगिता साथ ही बच्चों और महिलाओं ने रैलियां निकालकर सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया इस दौरान बच्चे और बड़ी संख्या में सम्मिलित महिलाएं बहुत उत्साहित रहे।

अतरिया खुर्द निवासी विनय कुंभकार गरीब मजदूर परिवार के एक युवा को मिली सफलता

# मां भारती एकेडमी दामापुर से विनय का सीआरपीएफ में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

सच्ची लगन और कड़ी मेहनत के आगे कभी गरीबी आड़े नहीं आ सकती, ये बात अतरिया खुर्द निवासी गरीब मजदूर परिवार के एक युवा ने सिद्ध कर दिखाया है। जिंदगी में सुविधाओं का अभाव बता कर तकदीर का रोना रोने वालों के लिए विनय ने उदाहरण पेश किया है कि सच्ची लगन और कड़ी मेहनत के सामने बड़ी से बड़ी बाधा भी बौनी नजर आती है। विनय कुंभकार ने हमारे संवाददाता को बताया कि मेरे सलेक्शन के पीछे मेरे माता पिता व मेरे गुरुजनो की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके आशीर्वाद के बिना कुछ भी संभव नहीं था। तैयारी के बारे में पूछे जाने पर विनय ने बताया कि नियमित रूप से 16 किलो मीटर रोड रनिंग करता रहा, वहीं मां भारती एकेडमी में भी लगातार कड़ी मेहनत करता रहा। एकेडमी के कोच आरक्षक नंदलाल राठौर, भानु चंद्रवंशी का विशेष योगदान रहा। वहीं मां भारती एकेडमी के संचालक एवं क्षेत्र के जनपद सदस्य अश्वनी यदु का मार्गदर्शन हमेशा मेरे काम आया। हमारे संवाददाता द्वारा सीआरपीएफ में सलेक्शन होने पर बधाई देते हुए विनय से पूछा गया की आप पुलिस, वन रक्षक, आर्मी की तैयारी कर रहे युवाओं को कुछ कहना चाहते हैं तो इस पर विनय कुंभकार ने कहा कि मेरे सलेक्शन के पीछे कड़ी मेहनत के साथ अनुशासन की भूमिका सबसे अहम रही है, अतः मैं सभी युवाओं को एक बात जरूर कहना चाहूंगा की सफलता एक दिन में नहीं मिलती लेकिन एक दिन मिलती जरूर है। सफलता का मूल मंत्र सिर्फ और सिर्फ ईमानदारी से कड़ी मेहनत है। अपने उद्देश्य से कभी नहीं भटकना चाहिए सफलता के लिए कोई शार्टकट रास्ता नहीं है, सिर्फ सच्ची लगन ही है। दामापुर क्षेत्र के युवा साथी विनय का सलेक्शन होने पर आसपास के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, क्षेत्रवासियों ने बधाई दी है। वहीं मां भारती एकेडमी के सभी साथियों ने गुलाल लगाकर अपने साथी का



कवर्धा फ्रैक्चर हॉस्पिटल & ट्रामा सेंटर
डॉ. सूर्यकांत भारती
( Senior Orthopedic surgeon )
डॉ. सईद अहमद
एम.डी. मेडिसीन (रायपुर)
अब आपके शहर में सोमवार
16 दिसम्बर से रोजना O.P.D. उपलब्ध ।
24 घण्टे एम्बुलेंस की सुविधा
एण्डवांस पैथों लैब की सुविधा
CT Scan xry की सुविधा
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क ईलाज
पता : बिलासपुर बायपास रोड, कवर्धा
जिला: कबीरधाम (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए सपर्क करें - 7987772650

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## अनदेखी: खुलेआम सड़क दुर्घटनाओं को दिया जा रहा है न्यौता

# गन्ना से भरी डबल ट्रैक्टर ट्राली बेरोक-टोक सड़कों में भर रहीं फर्राटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

जिले में इन दिनो चल रहे गन्ना पैराई के सीजन में कुछ लोगों द्वारा यातायात नियमों को ताक में रखकर खुलेआम नियम कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए दुर्घटनाओं को न्यौता दिया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस तरह की घोरलापरवाही पर पुलिस तथा प्रशासन द्वारा भी कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों जिले के कवर्धा तथा पंडरिया सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना सहित सैकड़ों की संख्या में जिले के गांव-गांव में संचालित निजी गुड़ फैक्ट्रियों में गन्ना पैराई का कार्य जोरों पर चल रहा है। किसानो द्वारा अपने खेतों से गन्ना की फसल कटाई के बाद उसे बेंचने के लिए या तो इन सहकारी शक्कर कारखाना में अथवा निजी गुड़ फैक्ट्रियों में ले जाया जा रहा है। अपनी गन्ना की फसल के परिवहन के लिए आमतौर पर किसानो द्वारा ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग किया जाता है। लेकिन कुछ किसानो द्वारा प्रशासन तथा यातायात विभाग के निर्धारित नियमों के विरूद्ध अपना डीजल तथा समय बचाने की मंशा से डबल ट्रैक्टर ट्राली फंसाकर गन्ना का परिवहन किया जा रहा है। जो निश्चित रूप से नियमों की अवहेलना तो है ही साथ सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से भी खतरनाक है। लेकिन इस तरह के कृत्यों पर पुलिस तथा प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण जिले की सड़कों में इस तरह से गन्ना परिवहन आम बात हो गई है। जो न सिर्फ इस तरह से गन्ना परिवहन करने वाले ट्रैक्टर चालक के लिए खतरनाक है बल्कि दूसरे वाहन चालकों के लिए भी खतरनाक है। ऐसे में माना यही जा रहा है कि प्रशासन को इस तरह की लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ ठोस कार्यवाही की जानी चाहिए।

### हर रोज हो रहे हादसे

यहां बताना लाजिमी होगा कि वाहन चालकों की इस तरह की घोर लापरवाही और प्रशासन की अनदेखी तब सामने आ रही है जब जिले में प्रायः हर दिन किसी न किसी मार्ग छोटे बड़े सड़क हादसे हो रहे हैं। बावजूद न तो लापरवाही थम रही है और न ही जिम्मेदारों की नींद ही टूट रही है। जिसे देखकर ऐसा लग रहा है कि प्रशासन भी कोई गंभीर और बड़ी दुर्घटना के इंतजार में है।

### रेडियम पट्टी का अतापता नहीं

नियमानुसार प्रशासन ने सड़क में दौड़ रही सभी ट्रैक्टर ट्रालियों में उचित स्थान पर रेडियम पट्टी लगाने तथा सुरक्षा संकेत लगाने के निर्देश दे रखे हैं। लेकिन इस नियम का पालन भी कई लोगों द्वारा नहीं किया जा रहा है। ऐसे में रात के समय गन्ना से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों से सड़क दुर्घटना की आशंका बढ़ रही है और जब बगैर रेडियम पट्टी अथवा सुरक्षा संकेत के एक ट्रैक्टर के साथ डबल ट्राली सड़कों में ओव्हर लोड गन्ना भरकर फर्राटे भरे तो समझा जा सकता है कि खतरा कितना बड़ा हो सकता है।



# जुआ खेलते पांच जुआरी गिरफ्तार, 8500 रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स. लोहारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए जुआ खेल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के पास से 8500 नगद, 52 ताश के पत्ते और एक बोरी की फट्टी जब्त की है। जुआरियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध क्रमांक 341/24 पंजीबद्ध किया गया। मामला जमानतीय होने के कारण सभी को जमानत मुचलके पर रिहा भी कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शुक्रवार को स. लोहारा पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के ग्राम बांधा उल्ट के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा ताश के पत्तों से काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिस देकर जुआ खेल रहे आरोपी बालाराम पटेल पिता शिशुपाल पटेल आयु 31 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 06, लोहारा, सूरज साहू पिता बलकरण साहू, आयु 28 वर्ष निवासी बासिनझोरी, राकेश पटेल पिता गनपत पटेल आयु 26 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 04, लोहारा तथा प्रताप सिंह वर्मा पिता भरोसा वर्मा आयु 45 वर्ष निवासी पिपरटोला बड़े, थाना स लोहारा को दबोच लिया।

पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से पुलिस ने जुआरियों के पास से 8500 नगद, 52 ताश के पत्ते और एक बोरी की फट्टी जब्त की है।

## खबर संक्षेप

### सुमिता रानी का सिविल जज के पद पर चयन



स.लोहारा। जिला सांख्यिकी अधिकारी के पद पर पदस्थ सुदर्शन कुर्रे की सुपुत्री सुमिता रानी का सिविल जज के पद पर चयन हुआ है। सुमिता रानी के सिविल जज बनने पर संतोष कुमार भास्कर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहसपुर लोहारा, नरेश कुमार सोनी सहित उनके शुभ चिंतकों, परिजनो, सहपाठी, अधिकारी कर्मचारी गणों ने बधाई प्रेषित की है।

### दो दिनो के भीतर 39 संदिग्धों पर कार्यवाही




कवर्धा। बाहरी और बिना वैध दस्तावेज के रहने वाले लोगों पर कबीरधाम पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही। दो दिन के भीतर जिले में बिना वैध अनुमति के निवास कर रहे 39 लोगों पर कार्रवाई की गई है। कल कवर्धा क्षेत्र में 13 और 02 चिल्फी में संदिग्ध मिले थे। आज फिर 24 लोगों की पहचान की गई है, जो बिना वैध दस्तावेज में होटल ढाबों में रह रहे थे। अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने पुलिस का सघन अभियान जारी है। दो दिनों में 39 लोगों के खिलाफ बनस की धारा 128 के तहत कार्रवाई की गई। वहीं पुलिस ने होटल, ढाबा संचालकों को चेतावनी दी है कि बिना दस्तावेज किसी भी बाहरी लोगों को रहने के लिए न दें। साथ ही बिना दस्तावेज के रहने वाले पर आगे भी कार्रवाई जारी रहने की बात कही है।

### 21 को निःशुल्क चिकित्सा शिविर

राजनांदगांव। राजनांदगांव में माधव सेवा नारायण सेवा के उद्देश्य को चरितार्थ करते राजनांदगांव सेवा समिति के तत्वावधान में आगामी 21 दिसंबर को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि आयोजन समिति के सेवाभावी कार्यकर्ताओं द्वारा राजनांदगांव सेवा समिति के तत्वावधान में 21 दिसंबर को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक स्थान परशुराम भवन मठपारा रोड राजनांदगांव में वृहद निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में डॉ. शैलेष केलकर, डॉ. रोमिल जैन, डॉ. योगेश सोनी, डॉ. मिथिलेश शर्मा, डॉ. शिरिश अग्रवाल, डॉ. अनिमेष गांधी सेवा प्रदान करेंगे। निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजन को सफल बनाने में डॉ. मिथिलेश शर्मा, संतोष पटाक, सौरभ खंडेलवाल, मौसमी शर्मा, मधु अग्रवाल, ममता शर्मा, रचना महेश मेनन, श्वेता शर्मा द्वारा तैयारियां की जा रही है।

# सुशासन वर्ष में नपा कर्मचारियों की बेमुद्दत हड़ताल, व्यवस्था ठप

## नपा कर्मचारियों की बेमुद्दत हड़ताल चौथे दिन भी जारी




- शासन के समक्ष कर्मचारियों ने रखी 6 सूत्रीय मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अपनी करीब आधा दर्जन मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले अपना कामकाज छोड़कर गत 11 दिसम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डंटे कवर्धा नगर पालिका के कर्मचारियों की बेमुद्दत हड़ताल चौथे दिन भी बदस्तूर जारी रही।

हैरानी की बात यह है कि सीधे तौर पर नगर की आम जनता से ताल्लुख रखने वाले इस निकाय की जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल को अब तक शासन-प्रशासन स्तर पर कोई पहल नहीं की गई है। जिसका खामियाजा सीधे तौर पर नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। स्थिति ये है कि कवर्धा नगर के वार्डो में साफ सफाई व्यवस्था ठप पड़ चुकी है वार्डो में कूड़ा करकट के ढेर लग रहे हैं। वहीं नगर पालिका कार्यालय में अपने कामकाज लेकर पहुंचने वाले लोगों को खाली लौटना पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को समझ में नहीं आ रहा है कि प्रदेश सरकार के तथा कथित सुशासन के बीच आखिर कब तक नपा कर्मचारियों की हड़ताल का दंश झेलना पड़ेगा।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले प्रदेश सहित कबीरधाम जिले और कवर्धा नगर पालिका के करीब 80 नियमित तथा 150 प्लेसमेंट कर्मचारी गत 11 दिसम्बर से मुख्य रूप से नगरीय निकायों में प्रत्येक माह 1 तारीख को वेतन भुगतान ट्रैजरी के माध्यम से किए जाने, नगरीय निकायों में ठेका प्रथा बंद हो व 10 वर्ष सेवा पूर्ण करने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितिकरण किए जाने, नगरीय निकाय में अन्य विभाग की भांति ओल्ड पेंशन लागू किए जाने नगरीय निकायों में कार्यरत कर्मचारियों के मृत्यु उपरांत परिवारजनो को संभाग स्तर में रिक्त पदो पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किए जाने, संभाग स्तर में रिक्त पद पर पदोन्नति की कार्यवाही शीघ्र किए जाने तथा छठवें एवं सातवें वेतनमान की एरियर्स राशि के भुगतान की स्वीकृति प्रदान किए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। नगर पालिका के इन कर्मचारियों की इस हड़ताल का सीधा असर आम लोगों से जुड़े कामकाज पर पड़ रहा है।

जिससे लोगों को भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि हड़ताल के चौथे दिन भी शासन प्रशासन द्वारा नपा कर्मचारियों की इस हड़ताल को समाप्त करने कोई पहल नहीं की गई।

### जिले के सभी नगरीय निकायों का हाल बेहाल

नगरीय निकाय कर्मचारियों की बेमुद्दत हड़ताल का बेजा असर जिले की कवर्धा नगर पालिका के अलावा नगर पंचायत पंडरिया, पाण्डातराई, बोड़ला, स. लोहारा, पिपरिया तथा इंदौरी में भी देखने को मिल रहा है। जानकारी के मुंताबिक यहां भी नगरीय निकाय के कर्मचारी छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले हड़ताली तंबू ताने बीते चार दिनो से बैठे हैं। जिसके चलते साफ सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था के साथ ही नगरीय निकायों के तमाम कामकाज पूरी तरह से ठप पड़े और लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

# गुरुकुल स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने रचा स्वर्णिम इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल, कवर्धा में पांच दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। इस कार्यक्रम के समापन समारोह में अतिथि के रूप में पंकज पटेल एडिशनल एसपी जिला कबीरधाम, रिंकेश वैष्णव अध्यक्ष जनभागीदारी समिति जिला कबीरधाम एवं डॉ. सिद्धार्थ जैन एमडी कवर्धा उपस्थित थे। समारोह के शुभ अवसर पर संचालन समिति के पदाधिकारी व निदेशकगण, शाला के प्रभारी प्राचार्य, प्रशासक, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे। अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों के कर कमलों द्वारा शाला का ध्वज फहराया गया तथा समस्त अतिथियों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन व वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शाला के श्रेष्ठ धावको ने मशाल लेकर



नियत स्थान पर स्थापित किया। शाला के छात्राओं ने एयरोबिक्स डांस कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाला के छात्राओं ने आकर्षक पिरामिड बनाकर, छात्राओं ने योगा कर, छात्र/छात्राओं ने उत्साहवर्धक कराटे का प्रदर्शन कर दर्शक दीर्घा की वाहवाही लूटी। इस शुभ अवसर पर उत्साहवर्धक खो-खो, कबड्डी स्पर्धा व 100 मीटर की दौड़ तथा रिले रेस 400 मीटर सम्पन्न कराई गई। शाला के आजाद, भगत, टैगोर, विनोबा सदन के छात्र छात्राओं ने समस्त स्पर्धाओं में सहभगिता निभाकर उत्कृष्टता हासिल करने का भागीरथ प्रयास किए। वार्षिक क्रीड़ा उत्सव में प्रथम टैगोर सदन ने सभी को पराजित करते हुए उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया तथा द्वितीय स्थान पर आजाद सदन, तृतीय स्थान पर विनोबा सदन रहे। समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले विजयी छात्र-छात्राओं को मेडल, शील्ड व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शाला की उपलब्धियों की प्रशंसा की। समस्त शाला प्रबंधन ने अतिथियों को शाला का स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

### महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन




स लोहारा। सहसपुर लोहारा के शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन 13 एवं 14 दिसम्बर को किया गया। इस खेल उत्सव का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. केएस परिहार द्वारा रेड रिबन काटकर किया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के भारतीय खेल 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़, कबड्डी, भाला फेंक, गोला फेंक, कैरम, शतरंज, स्लो साइकिल रेस, रस्सी कूद, फुगडी, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, छत्तीसगढ़ी पाक कला आदि पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों को अलग-अलग विद्या का प्रभारी बनाया गया था। जिन्होंने सफलता पूर्वक संबंधित विद्या में प्रतियोगिता संपन्न कराई। इन दो दिनों में महाविद्यालय की रौनक देखने लायक थी। सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिन छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है उन्हें प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापकों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

### छिरहा में मनाया गया सुशासन दिवस, शिक्षा क्षेत्र के कार्यों की दिया जानकारी



कवर्धा। जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में प्रदेश सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रदेश सरकार सब का साथ सब का विकास ध्येय वाक्य के साथ विकसित भारत बनाने की दिशा में काम कर रहा है। राज्य में नई शिक्षा नीति लागू कर दिया है। प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार कर बच्चों को आने वाले जीवन के लिए तैयार किया जाएगा। प्रदेश के 341 स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में तब्दील किया गया है। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, स्कूल ड्रेस, सायकिल सहित कई अन्य सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत मातृभाषा व स्थानीय भाषा में शिक्षा प्रदान किया जाएगा। स्कूलों में न्योता भोजन की शुरुवात किया गया है। स्कूली शिक्षा के अलावा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी नई शिक्षा नीति के अनुरूप त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है। इस दौरान प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल पर आधारित लगी फोटो प्रदर्शनी

# विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष कौशिक ने देखी फोटो प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरम लाल कौशिक ने शनिवार को कवर्धा कलेक्टोरेट कार्यकाल में सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल पर आधारित कबीरधाम जिले के विकासमूलक फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। श्री कौशिक ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कबीरधाम जिले की विकास मूलक झलकियों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव की एक वर्ष की सुशासन में अंत्योदय की परिकल्पना साकार हो रही है। श्री कौशिक के साथ पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मनीराम साहू, श्रीकांत उपाध्याय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओ की फोटो झलकियों से अवगत कराया।



इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर बीआर देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन के एक वर्ष पूरा होने पर जिला कार्यालय परिसर में सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के थीम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने जनसंपर्क विभाग द्वारा फोटो प्रदर्शनी लगाई गई है। फोटो प्रदर्शनी का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुचाना है। इसमें विभिन्न शासकीय योजनाओं की लाभ और उनके क्रियान्वयन की तस्वीरों के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। जिला कार्यालय में आने वाले नागरिकों को योजनाओं से संबंधित पत्रिकाओं और जनमन का वितरण किया गया। इस दौरान प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में गहरी रुचि दिखाई।

# अवैध रूप से शराब बिक्री करते एक आरोपी गिरफ्तार, 90 पौवा देशी शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक और बड़ी सफलता हासिल की है। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 90 पाव देशी प्लेन शराब कुल 16.200 लीटर शराब जप्त की है। जिसका बाजार मूल्य करीब 8100 रूपए आंका गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध शराब बिक्री कर प्राप्त किए गए और शराब 530 रूपए नगद भी जप्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तक कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 13 दिसम्बर को कवर्धा कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली



थी कि ग्राम बरहट्टी के तालाब के पास एक व्यक्ति अवैध शराब बेच रहा है। इस सूचनपा पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी जगजीवन अनंत आयु 45 वर्ष निवासी ग्राम बरहट्टी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 90 पाव देशी प्लेन शराब कुल 16.200 लीटर जप्त की गई। जिसका बाजार मूल्य करीब 8100 रूपए आंका गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध शराब बिक्री कर प्राप्त किए गए और शराब 530 रूपए नगद भी जप्त किए हैं। बरामद शराब को नियमानुसार सीलबंद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालयीन रिमांड में जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना कवर्धा की टीम में शामिल प्रधान आरक्षक खूबी राम, चुममन साहू, पीयूष मिश्रा, आरक्षक संतोष, धर्मेंद्र मेरावी का विशेष योगदान रहा।